**भारत सरकार**
**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2696**
**(दिनांक 14.12.2021 को उत्तर देने के लिए)**

**प्रसार भारती में रिक्त पद**

**2696. श्री सी. लालरोसांगा:**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या यह सच है कि प्रसार भारती में अध्यक्ष, सदस्य (वित्त) और सदस्य (कार्मिक) के पद काफी लंबे समय से रिक्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार रिक्त पदों को तत्काल आधार पर भरने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या गठित किया गया प्रसार भारती भर्ती बोर्ड पूरी तरह कार्यात्मक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) भर्ती बोर्ड द्वारा अब तक विज्ञापित पदों की संख्या और पदों के नाम का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

**(क) और (ख):** मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रसार भारती, प्रसार भारती अधिनियम, 1990 की धारा 8 के अनुसार फरवरी 2020 में पूर्व अध्यक्ष डॉ. ए. सूर्यप्रकाश का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। सदस्य (वित्त) का पद 01.12.2021 को भरा गया है। सदस्य (कार्मिक) के पद हेतु विज्ञापन दिया गया और आवेदन प्राप्त हुए हैं।

**(ग) और (घ):** प्रसार भारती ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा भारत के असाधारण राजपत्र [जी. एस. आर. 107 (ई)] में दिनांक 12.02.2020 को अधिसूचित प्रसार भारती भर्ती बोर्ड गठन नियम, 2020 (भारतीय प्रसारण निगम) के साथ पठित प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम)

अधिनियम, 1990 (1990 का 25 ) की धारा 10 के अनुसरण में दिनांक 01.07.2020 के आदेश द्वारा भारत सरकार में संयुक्त सचिव से कम के वेतनमान वाले पदों पर व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए प्रसार भारती भर्ती बोर्ड का गठन किया है। वर्तमान में प्रसार भारती भर्ती बोर्ड (पीबीआरबी) पूर्णरूप से कार्य कर रहा है और इसने कई बैठकें की हैं। पीबीआरबी ने अनुलग्नक में उल्लिखित पदों के लिए कोविड-19 संबंधी सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करते हुए दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए विशेष भर्ती अभियान की प्रक्रिया शुरू की है।

**दिनांक 14.12.2021 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2696 के भाग (ग) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए विशेष भर्ती अभियान का ब्यौरा

| क्र.सं. | पद का नाम | विकलांगों की श्रेणी | | | रिक्तियों की कुल संख्या | दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्तता* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वीएच | ओएच | एचएच | | |
| 1 | सहायक निदेशक (इंजीनियरिंग) | 2 | 0 | 1 | 3 | एल.वी., एच एंड सी |
| 2 | सहायक निदेशक (कार्यक्रम) | 0 | 0 | 1 | 1 | एच एंड सी |
| 3 | कैमरामैन, ग्रेड-II | 0 | 4 | 3 | 7 | ओए, एच एंड सी |
| 4 | कार्यक्रम कार्यकारी (पीईएक्स) | 1 | 0 | 3 | 4 | एल.वी., एच एंड सी |
| 5 | प्रसारण कार्यकारी (टीआरएक्स) (सामान्य और निर्माण) | 3 | 1 | 1 | 5 | एलवी, ओए, एच एंड सी |
| 6 | ग्राफिक कलाकार | 0 | 0 | 1 | 1 | एच एंड सी |
| 7 | फिल्म/वीडियो संपादक | 1 | 0 | 0 | 1 | एलवी |
| 8 | फ्लोर सहायक | 0 | 1 | 0 | 1 | ओए, ओएल |
| 9 | बहुकृतिक कर्मचारी (एमटीएस) | 2 | 0 | 5 | 7 | एल.वी., एच एंड सी |

*संक्षेपाक्षर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वीएच | नेत्रहीन | ओएच | अस्थि विकलांग | एचएच | श्रवणता विकलांग | ओए | एक भुजा |
| एलवी | न्यून दृष्टि | एच | श्रवणता | सी | संचार | ओएल | एक पैर |

*********